आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

देनदारियां

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग के सभी ठेकेदारों की देनदारियां 30 अप्रैल से पहले जारी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में आज वित्त विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि लंबित देनदारियों की पहली किश्त 28 अप्रैल से पहले और शेष राशि 30 अप्रैल तक जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोनों विभागों को बिल तैयार कर उन्हें भुगतान के लिए समय पर कोषागार में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को विभागीय बिल हर महीने की 10 तारीख के बाद ही प्रस्तुत करने को कहा, क्योंकि प्रदेश को महीने की 10 तारीख को केंद्रीय कर प्राप्त होते हैं।

शोक सभा

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज राज्य सचिवालय शिमला में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और कई विधायकों सहित सचिवालय के कर्मचारियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि ये हमला देश की सुरक्षा के लिए चुनौती नहीं है बल्कि देशवासियों की भावनाओं पर गहरा आघात है। इस मौके पर आतंकी घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सोलन में दि सोलन सहकारी तहसील विपणन और वितरण संघ द्वारा निर्मित लक्ष्मी सिंह सहकारी परिसर का उद्घाटन किया। इसमें 43 व्यापारिक दुकाने बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस परिसर के निर्माण पर लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत आई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है और व्यापारिक परिसरों के निर्माण से लोगों को लाभ होगा। नगर निगम सोलन में पानी के बढ़े हुए बिलों के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को राहत देने का प्रयास किया जाएगा।

बम धमकियां

उपायुक्त कार्यालय मंडी और राज्य सचिवालय शिमला को बम से उड़ाने की धमकी के बाद आज उपायुक्त कार्यालय चंबा को भी ऐसी ही धमकी वाली ई–मेल मिलने से कार्यालय में अफरा–तफरी मच गई। उपायुक्त कार्यालय को तुरंत खाली करवाकर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

वेव्स

सार्वजनिक सेवा प्रसारक प्रसार भारती ने डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की दुनियां में ओटीटी प्लेटफार्म के क्षेत्र में कदम रखा है। हिमाचल प्रदेश आकाशवाणी और दूरदर्शन के कलस्टर प्रमुख कश्मीर सिंह ने आज शिमला में आकाशवाणी व दूरदर्शन की एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रसार भारती द्वारा हाल ही में लॉच किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर उपभोक्ता लाईव टीवी से लेकर ऑन डिमांड वीडियो देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म पर हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा बंगाली, मराठी, कन्नड़, मलयालम, तेलगू, तमिल, गुजराती और असमिया सहित 12 से अधिक भाषाओं के कंटेन्ट देखने को मिलेंगे। कश्मीर सिंह ने बताया कि ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर ऑन डिमांड वीडियो के अलावा 65 लाईव चैनल, लाईव टीवी व रेडियो स्ट्रिमिंग सहित ओ.एन.डी.सी. के जरिए ऑन लाईन शॉपिंग सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म पर दूरदर्शन व आकाशवाणी के सभी चैनल उपलब्ध रहेंगे।

रोजगार मेला

देश के अनेक स्थानों पर कल रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और उपक्रमों में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी।

———————————